# दिल्ली ब्लास्ट के बाद इंदौर में बढ़ाई सुरक्षा, पुलिस अलर्ट मोड पर

- सी 21 मॉल और हॉटस्पॉट क्षेत्रों में बीडीएस टीम के साथ की सर्चिंग
- ड्रोन से की जा रही पेट्रोलिंग

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट के बाद इंदौर में पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है. शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है. शहर के प्रमुख मॉल, बाजार और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में बीडीडीएस टीम ने सघन जांच की, वहीं पुलिस ने ड्रोन की मदद से हॉटस्पॉट इलाकों में पेट्रोलिंग भी बढ़ा दी है.

दिल्ली में कार ब्लास्ट की घटना के बाद डीजीपी के निर्देश पर राज्यभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम शुरू कर दिए हैं. इंदौर में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर मंगलवार को सभी संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष सर्चिंग अभियान चलाया गया. पुलिस की बीडीडीएस (बॉम्ब डिस्पोजल एंड डिटेक्शन स्क्वाड) टीम ने सी-21 मॉल, विजय नगर, राजवाड़ा, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जैसे स्थानों पर संदिग्ध वस्तुओं की जांच की. इस दौरान एचएचएमडी और डॉग स्क्वॉड की सहायता भी ली गई.





## नाइट पेट्रोलिंग और जनसंवाद भी लगातार जारी

इसके साथ ही ड्रोन की मदद से शहर के हॉटस्पॉट और शैडो एरिया में ऊंचाई से पेट्रोलिंग की गई. टीमों ने हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी और लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की. अधिकारियों का कहना है कि राजधानी दिल्ली की घटना को ध्यान में रखते हुए इंदौर समेत प्रदेशभर में सुरक्षा व्यवस्था को उच्चतम स्तर पर रखा है. सभी थाना क्षेत्रों में नाइट पेट्रोलिंग, सार्वजनिक स्थलों की जांच और मोहल्ला समितियों के माध्यम से जनसंवाद भी लगातार जारी है.

# बेटे की सगाई कर लौट रहे दंपति को बाइक ने मारी टक्कर, महिला की मौत

**इंदौर. कनाड़िया थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में बेटे की सगाई पक्की कर लौट रहे दंपति की बाइक को तेज रफ्तार बाइक सवारों ने पीछे से टक्कर मार दी. हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति घायल हो गया. टक्कर मारने वाले बाइक सवार फरार हैं, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है.**



थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि 42 वर्षीय मृतका श्यामुबाई गागोलिया निवासी शिवकंठ नगर अपने पति दिनेश के साथ सिमरोल गई थीं. वे अपने बेटे विशाल की सगाई पक्का कर घर लौट रहे थे. बिचौली मर्दाना के पास पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही दंपती सड़क पर गिर पड़े. श्यामुबाई के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि दिनेश भी घायली हो गया. आरोपी बाइक सवार मौके से भाग निकले. घायल दिनेश ने राहगीरों की मदद से पत्नी को अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान श्यामुबाई ने दम तोड़ दिया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# दोस्त की गर्लफ्रेंड पर कमेंट किया तो युवक की कर दी हत्या

- सहकर्मियों ने लोहे के पाइप से किया हमला



**इंदौर.** खजराना थाना क्षेत्र में देर रात पैसे के लेनदेन और आपसी रंजिश को लेकर एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई. आरोपी उसी कंपनी में काम करते थे, जहां मृतक कार्यरत था. पुलिस ने चारों युवकों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है.

थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने बताया कि 25 वर्षीय मृतक हर्ष गुप्ता आशा पैलेस, राज टेलर वाली गली, लक्ष्मीबाई गल्ला मंडी के पास का निवासी था. सोमवार रात करीब साढ़े सात बजे हर्ष और उसके साथियों के बीच सांई कृपा कट, एमआर-10 क्षेत्र में झगड़ा हुआ. बताया जा रहा है कि हर्ष और आरोपी रिषभ मिश्रा, रितुल, विजेन्द्र, आदित्य आदि एक ही कंपनी में काम करते थे. उनके बीच पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था. विवाद के दौरान हर्ष ने एक आरोपी की गर्लफ्रेंड को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी, जिससे नाराज होकर आरोपियों ने लोहे के पाइप से उसके सिर पर हमला कर दिया. गंभीर चोट लगने से हर्ष की मौके पर ही मौत हो गई. मामले में पुलिस ने रिषभ मिश्रा, रितुल, विजेन्द्र, आदित्य और अन्य साथियों के खिलाफ हत्या सहित संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की है. उन्हें गिरफ्तार कर लिया है.

# इंदौर की कंपनी को सप्लाई की 31 वेल्डिंग मशीनें निकलीं नकली

## धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**इंदौर. विजयनगर थाना क्षेत्र में एक औद्योगिक उपकरण सप्लाई कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है. राजस्थान कोच बिल्डर्स प्रालि कंपनी के संचालक ने आरोप लगाया है कि सप्लायर कंपनी ने उन्हें नकली और खराब मशीनें सप्लाई कीं, जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ.**

थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि शिकायत फैक्ट्री हेड मनोज शर्मा निवासी 104, मलय कॉर्पोरेट, स्कीम नंबर 54, मैकेनिक नगर, भमोरी ने दर्ज कराई है, उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी ने मोगोरा कॉस्मिक कंपनी से अपने उपयोग के लिए 71 वेल्डिंग मशीनों का ऑर्डर दिया था. मशीनों की डिलीवरी समय-समय पर दी गई, लेकिन उपयोग शुरू करने पर पाया कि इनमें से 31 मशीनें शुरूआत से ही खराब थीं और ठीक से काम नहीं कर रही थीं. इसकी सूचना शिकायतकर्ता ने अनु आर्क सेल्स एंड सर्विस और मोगोरा कंपनी को दी, लेकिन कोई समाधान नहीं मिला. जांच में पता चला कि सप्लायर ने असली ब्रांड के नाम पर नकली मशीनें दी थीं. पुलिस ने आरोपित कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और फर्जी दस्तावेजों के उपयोग की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की है.

# शादी से इंकार पर आहत युवती ने की आत्महत्या

- जांच के बाद आरोपी पर केस दर्ज

**इंदौर. खजराना थाना क्षेत्र में 26 वर्षीय युवती ने प्रेमी द्वारा शादी से इंकार किए जाने के बाद फांसी लगाकर जान दे दी थी, पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है.**

थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने बताया कि 26 वर्षीय मृतका मुस्कान मूल निवासी सटई रोड, नई गल्ला मंडी के पास, जिला छतरपुर की निवासी थी. फिलहाल, पिपल्याराव, अयोध्यापुरी आईटी पार्क क्षेत्र में रहती थी. 31 अक्टूबर की रात उसने खजराना स्थित हेलो वर्ल्ड किवी बिल्डिंग, राधिका पैलेस के पास अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. जांच में सामने आया कि युवराज उर्फ युवी नामक युवक ने मुस्कान से दोस्ती की थी. वह उसका शारीरिक व मानसिक शोषण करता रहा. बाद में उसने शादी से इंकार कर दिया. इससे आहत होकर मुस्कान ने यह कदम उठा लिया. पुलिस ने आरोपी युवराज के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है.

## एक नजर में

### घर का ताला तोड़कर उड़ाए चांदी के हार व साइकिल

इंदौर. जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. बदमाश घर से चांदी के दो हार और एक गियर वाली साइकिल चुराकर फरार हो गए. थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि 47 वर्षीय फरियादी परवेज खान निवासी 37, बुकब्रांड कॉलोनी, माणिकबाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सैफीनगर कॉलोनी स्थित उनके मकान में अज्ञात बदमाश रात्रि के समय घुसे और कमरे का ताला तोड़कर अलमारी से दो चांदी के हार व एक साइकिल चोरी कर ले गए. जूनी इंदौर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है.

### ज्वेलरी शॉप से महिला उड़ा ले गई एक लाख का कड़ा

**इंदौर.** सराफा बाजार में एक महिला ग्राहक सोने के कड़े देखने के बहाने दुकान से एक लाख रुपए से अधिक कीमत का कड़ा चोरी कर ले गई. घटना की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने अज्ञात महिला की तलाश शुरू कर दी है. थाना प्रभारी राजकुमार लिटोरिया ने बताया कि 58 वर्षीय फरियादी सुनील कपूर निवासी 16/9, रेसकोर्स रोड ने थाने पहुंचकर पुलिस को बताया कि 10 नवंबर की शाम करीब 6.15 बजे एक महिला अपनी गोद में छोटे बच्चे को लेकर उनकी दुकान पर आई. उसने सोने के कड़े देखने की बात कही. फरियादी ने कड़े का बॉक्स दिखाया, लेकिन महिला ने कहा कि उसे पसंद नहीं आए. कुछ देर बाद जब सुनील कपूर ने बॉक्स दोबारा देखा तो उसमें से एक सोने का कड़ा गायब था. चोरी हुए कड़े की कीमत करीब 1 लाख 5 हजार बताई गई है. सराफा पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### ग्राम मलेंडी में खरगोश का मांस पकाते एक धराया



**महू.** वन विभाग ने मंगलवार को महू रेंज अंतर्गत आने वाले ग्राम मलेंडी स्थित कप्तान के खेत पर छापा मारकर मौके पर जंगली खरगोश का मांस पकाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. मौके से खरगोश के शेष बचे अंगों तथा फंदे भी बरामद किए हैं, जिनका उपयोग शिकार में किया गया था. डीएफओ प्रदीप मिश्रा ने बताया कि वन विभाग की टीम ने यह कार्रवाईमुखबिर से मिली सूचना पर की. आरोपी की पहचान नरेंद्र कोड़िया पिता भूरिया सिंह निवासी देवगढ़, जिला बड़वाह के रूप में की गई है. उसे मौके से हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है. डीएफओ ने बताया कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत आरोपी पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है. वन विभाग द्वारा अवैध शिकार के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.

### ऑनलाइन निवेश के नाम पर महिला से सवा दो लाख ठगे

**इंदौर.** एमजी रोड थाना क्षेत्र में अज्ञात ठगों ने एक महिला से मोबाइल चैनल पर निवेश का लालच देकर सवा दो लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली. पुलिस ने साइबर फ्रॉड का मामला दर्ज कर जांच शुरू की है. थाना प्रभारी विजय सिंह सिसौदिया ने बताया कि 60 वर्षीय फरियादिया परविंदर कौर निवासी 25, सिख मोहल्ला ने शिकायत में बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल के माध्यम से उनसे संपर्क किया और चैनल में निवेश करने पर अच्छा मुनाफा मिलने का झांसा दिया. ठग के विश्वास में आकर उन्होंने कुल ढाई लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए. कुछ समय बाद जब न तो उन्हें कोई प्रॉफिट मिला और न ही पैसा वापस हुआ, तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ. फरियादिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने धोखाधड़ी की धारा 420 के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है.

### 8 साल से नहीं मिला पूरा भरण-पोषण, मामला दर्ज

**इंदौर.** रावजी बाजार थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर अदालत के आदेश का पालन न करने की शिकायत दर्ज कराई है. पति ने अदालत द्वारा निर्धारित भरण-पोषण की पूरी राशि नहीं चुकाई थी. थाना प्रभारी उमेश यादव ने बताया कि पीड़िता 36 वर्षीय नीलम ने थाने पहुंच कर पुलिस को बताया कि उसके पति मयंक राजोरिया निवासी कलाल कॉलोनी, नागोरी गेट, जोधपुर को अदालत ने 12 जुलाई 2022 को आदेश दिया था कि वह उसे 20 फरवरी 2017 से प्रति माह 5000 रुपए अंतरिम भरण-पोषण के रूप में अदा करे. मगर उसने नहीं दिए. अब तक 102 माह की कुल 5 लाख 10 हजार राशि बनती है, जिसमें से आरोपी ने केवल 1 लाख 95 हजार रुपए ही अदा किए हैं, जबकि 3 लाख 15 हजार अब भी बकाया हैं. रावजी बाजार पुलिस ने घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है.

# बदमाश ताला तोड़कर जेवर व नकदी ले उड़े

- ओमेक्स सिटी में दिनदहाड़े चोरी

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित ओमेक्स सिटी वन में अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि 39 वर्षीय फरियादी महेन्द्र सिंह कुशवाह निवासी 1290, हैप्पी होम, ओमेक्स सिटी वन ने बताया कि 7 नवंबर की दोपहर 1 से 2 बजे के बीच वह घर से बाहर गए थे. इसी दौरान अज्ञात आरोपी घर का मुख्य ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चुरा ले गए. घटना का पता फरियादी को 10 नवंबर की शाम करीब साढ़े सात बजे चला, जब वह घर लौटे और टूटा ताला देखा. सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का मुआयना कर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है.



# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

- प्रशस्ति पत्र व नकद पुरस्कार से बढ़ाया उत्साह

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** बेहतर पुलिसिंग और आम नागरिकों को तुरंत न्याय दिलाने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने की परंपरा पुलिस कमिश्नरेट में जारी है. इसी के चलते पुलिस आयुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 15 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया.


यह सम्मान साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम के तहत पुलिस आयुक्त कार्यालय पलासिया में आयोजित समारोह में दिया. कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) आरके सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे. अधिकारियों ने पुरस्कृत पुलिसकर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह जिम्मेदारी व निष्ठा से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त ने कहा कि यह पहल न केवल उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मान देती है, बल्कि अन्य पुलिसकर्मियों को भी अपने दायित्वों के प्रति प्रेरित करती है.

**इन पुलिसकर्मियों को किया गया पुरस्कृत** - पुरस्कृत पुलिसकर्मियों में सउनि रमेश किराड़े और प्रआर बलराम चौहान (थाना राऊ), आरक्षक अमर जाटव (थाना एरोड्रम), प्रआर देवीसिंह मीणा और आर. जैवेंद्र सिंह गुर्जर (थाना परदेशीपुरा), उनि शिवराज सिंह ठाकुर (थाना हीरानगर) व उनि शुभम पांडे (थाना बाणगंगा), आर. गौरव (थाना सराफा), आरक्षक धर्मेंद्र सोनगरा (थाना छत्रीपुरा), उनि नरेंद्र सिंह कुशवाह (यातायात), आर नीलम परमार, आर. नेहा नागदा और आर. चैनसिंह (यातायात शाखा), प्रआर राकेश कायत और आर. गोविंद यादव (अपराध शाखा) शामिल हैं.

# मुस्कान अभियान : बालिकाओं को सिखाए सुरक्षा के गुर

**इंदौर.** प्रदेशभर में चल रहे 'मुस्कान अभियान' के तहत तिलक नगर थाना क्षेत्र स्थित सॉफ्ट विजन कॉलेज में पुलिस अधिकारियों ने लगभग 200 बालिकाओं को आत्मरक्षा और सुरक्षा से जुड़े दिशा-निर्देश दिए. कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आत्मविश्वास के साथ हर स्थिति में सजग रहना सिखाना रहा.

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा पूरे प्रदेश में 'मुस्कान अभियान' संचालित किया जा रहा है. इस अभियान के तहत विद्यालयों और कॉलेजों में बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी और मार्गदर्शन देने के निर्देश जारी किए गए हैं. इसी कड़ी में मंगलवार को सॉफ्ट विजन कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त जोन-2 कुमार प्रतीक के मार्गदर्शन में अति. पुलिस उपायुक्त जोन-2 अमरेंद्र सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त कुंदन मंडलोई और थाना प्रभारी तिलक नगर मनीष लोधा ने छात्राओं को सुरक्षा से जुड़े व्यावहारिक उपाय बताए. अधिकारियों ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर और अन्य आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दी. साथ ही कॉलेज परिसर में महिला सुरक्षा से संबंधित पेम्फलेट चस्पा किए गए और छात्राओं को भी वितरित किए. कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं से संवाद कर उनके सवालों के जवाब दिए और कहा कि आत्मरक्षा जागरूकता और तुरंत प्रतिक्रिया ही सुरक्षा की सबसे बड़ी ढाल है.



# पुराने रिश्ते को लेकर महिला को दी धमकी

## आरोपी ने फोटो-वीडियो वायरल करने की दी चेतावनी

इंदौर. द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक युवक ने पूर्व परिचित महिला को धमकाकर डराने की कोशिश की. आरोपी ने चाकू दिखाकर महिला से कहा कि यदि उसने उससे बात नहीं की तो वह उसके फोटो और वीडियो पति व परिजनों को दिखा देगा.

थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि 28 वर्षीय पीड़िता जयश्री यादव निवासी ऋषि पैलेस, द्वारकापुरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पूर्व में विजय चौहान नामक युवक से जान-पहचान थी. दोनों के बीच दोस्ती के चलते वे बातचीत करते और साथ घूमने भी जाते थे. बाद में जयश्री के पति को इस बात की जानकारी मिली तो उन्होंने उसे आरोपी से संपर्क न करने की हिदायत दी. इसके बाद आरोपी विजय चौहान पीड़िता के घर पहुंचा और चाकू दिखाकर धमकाने लगा. उसने कहा कि अगर उसने बात नहीं की तो वह दोनों के फोटो और वीडियो उसके पति व परिवारवालों को दिखा देगा. पुलिस ने आरोपी विजय चौहान के खिलाफ धमकाने और डराने-धमकाने से जुड़ी धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की है.

**अभियान** पुलिस कमिश्नर ने पहले तीन दिन की समझाइश के बाद लापरवाह पुलिसकर्मियों को नियम पालन करने के दिए थे सख्त निर्देश

# बिना हेलमेट गाड़ी चलाने पर पुलिसकर्मियों के भी कटे चालान

नव भारत न्यूज

**इंदौर. हेलमेट अनिवार्यता अभियान के तहत अब इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने अपने ही विभाग के नियम तोड़ने वाले पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है. बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वाले पुलिसकर्मियों के चालान बना दिए गए.**



इंदौर शहर में हेलमेट नियमों के सख्त पालन के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में अब पुलिसकर्मी भी जांच के दायरे में आ गए हैं. मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम, पलासिया पर एक विशेष टीम तैनात की गई, जिसने बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले पुलिसकर्मियों के चालान बनाए. वरिष्ठ अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि सभी प्रमुख चौराहों पर तैनात चेकिंग टीम भी बिना हेलमेट के दोपहिया चलाने वाले पुलिसकर्मियों पर समान रूप से कार्रवाई करे.

दरअसल, बीते चार दिनों से आम नागरिकों के बीच इस अभियान को लेकर नाराजगी थी. सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें वायरल हुई थीं, जिनमें कुछ पुलिसकर्मी बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाते नजर आ रहे थे. आमजन का कहना था कि जब नियम लागू करने वाले ही पालन नहीं करेंगे तो अभियान की विश्वसनीयता पर सवाल तो उठेंगे ही. इस फीडबैक के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी थानों और ट्रैफिक डिवीजनों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हेलमेट अभियान में किसी को भी छूट नहीं दी जाएगी, चाहे वह आम नागरिक हो या वर्दीधारी पुलिसकर्मी.

**पुलिस ने ही पुलिस को रोका**-इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के निर्देश के बाद नियम तोड़ने वाले पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी. पलासिया स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में ड्यूटी पर बिना हेलमेट पहुंचे पुलिसकर्मियों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई. मंगलवार को कंट्रोल रूम परिसर का नजारा कुछ अलग था. आम जनता की जगह वर्दीधारी पुलिसकर्मी ही चालान कटवाते नजर आए. कंट्रोल रूम में प्रवेश करते समय जिन पुलिसकर्मियों ने हेलमेट नहीं पहना था, उन्हें अफसरों के निर्देश पर रोका गया. इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों ने मौके पर मौजूद चालानी दस्ते से विवाद भी किया और अपनी मजबूरी बताई, लेकिन उन्हें कोई रियायत नहीं दी गई. कुछ पुलिसकर्मियों से मौके पर ही स्पॉट फाइन वसूला गया, जबकि अन्य को ऑनलाइन चालान भरने को कहा गया.

### पुलिस कमिश्नर की चेतावनी के बाद सख्ती

पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि नियम सभी के लिए बराबर हैं. उन्होंने पुलिसकर्मियों को हेलमेट पहनने की सख्त हिदायत दी थी. सख्ती बरतने से पहले तीन दिनों तक पुलिसकर्मियों को समझाइश दी गई, इसके बावजूद कर्मचारियों की लापरवाही जारी रही, तो मंगलवार को एक्शन लिया गया.